भारत सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं० 2598

दिनांक 19.03.2018 को उत्तर दिए जाने के लिए

स्वच्छ भारत मिशन के शौचालयों की मलजल प्रणाली

2598. श्रीमती तोटा सीताराम लक्ष्मीः

क्या **पेयजल और स्वच्छता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय, विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में, उचित एवं क्रियाशील मलजल प्रणाली से जुड़े हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है?

उत्तर

राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

(श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागी)

(क) से (ग) स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीम) के अंतर्गत, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय ट्विन-लीच पिट शौचालयों को बढ़ावा देता है जिसमें मानव मल का निपटान आवश्यक नहीं होता और जो सस्ता और उतना ही कारगर है। इस प्रौद्योगिकी के अंतर्गत, मानव मल 1-2 वर्ष में खाद में बदल जाता है और इसमें सीवेज/ड्रेनेज प्रणाली की आवश्यकता नहीं होती।